an>

Title: h Need to raise the height of railway platform of Raud Railway Station on Jaipur-Jodhpur railway line.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान हज़ारों की संख्या में लकवा पीड़ित व्यक्तियों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ जो मेरे लोक सभा क्षेत्र के बुटाटीधाम पर आते हैं। रेण रेलवे स्टेशन जो जोधपुर और जयपुर रेलवे लाइन पर है, वहां के प्लेटर्फार्म और रेल लाइन में ऊंचाई की दृष्टि से एकसमानता है। इसकी वजह से रेलगाड़ी में चढ़ने में उन व्यक्तियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आपके माध्यम से मेरा सरकार से निवेदन है कि इस रेल लाइन के प्लेटफॉर्म को ऊपर उठाया जाए ताकि यात्रियों को चढ़ने-उतने में सुविधा हो।

माननीय अध्यक्ष : *m02 श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को श्री हरिओम सिंह राठौड़ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।